>

Title : Need to put in place measures to check the stay of foreigners in the country beyond the permitted limit.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): आजकल क्रिकेट का वर्ल्ड कप देश में चल रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में यह एक अच्छा इवेन्ट है। इससे खेल को बढ़ावा भी मिलेगा और देश को विदेशी मुद्रा भी मिल सकती है। पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है। पिछले साल कॉमनवेल्थ खेल भी हुए उसके तुंत बाद क्रिकेट वर्ल्ड कप उसके तुंत बाद देश में आई.पी.एल क्रिकेट टूर्नामेंट होने जा रहा है।

कॉमनवेल्थ खेल तथा क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) के दौरान हमारे देश को जो विदेशी मुद्रा आय के रूप में अर्जित हुई है, उसका विवरण प्रदान करने की कृपा करें। अक्सर यह देखा गया है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश या अन्य किसी देश से आने वाले पर्यटक वीजा की तिथि खत्म होने पर वापस नहीं जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें खोजकर वापस भेजने के लिए ठोस योजना होनी चाहिए तथा साथ ही विदेशों से आने वाले यात्री संक्रामक रोगों के वाहक बनकर देश में स्वास्थ्य संबंधी समस्या न खड़ी कर दें, इससे बचाव के उपाय भी होने चाहिए।